www.facebook.com/rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

शनिवार ● 6 अप्रैल ● 2019

सर्राफा दिल्ली | शेयर सेंसेक्स 38,862.23 + 177.51 निफ्टी 11,665.95 + 67.95 | विनिमय दर `/$ 69.23 - 0.06 | मौसम (दिल्ली) तापमान अधिकतम 38° न्यूनतम 23°

गौड़ समूह ने मॉल में किया बड़ा निवेश

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्लीएनसीआर के प्रमुख उपनगर के रूप में विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 750 करोड़ रुपए की लागत से पहला मॉल बनकर तैयार हो गया है। शीघ्र ही निर्माता कंपनी इसकी डिलीवरी शरू करने की घोषणा की है।

रीयल एस्टेट कंपनी गौड़ ग्रुप द्वारा विकसित इस मॉल में 8.45 लाख वर्ग फुट रीटेल एरिया है। ग्रुप के प्रबंध निदेशक मनोज गौड़ ने बयान में कहा कि गौड़ सिटी मॉल ग्राउंड फ्लोर को छोड़कर 20 मंजिलों का है जिसमें पहली 5 मंजिलों पर मॉल का क्षेत्र रहेगा। इसके बाद ऑफिस और सर्विस अपार्टमेंट है और सबसे ऊपर 180 कमरे का होटल बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह मॉल 25 एकड़ में बनने वाले गौड़ सिटी कमर्शियल हब का हिस्सा है। मॉल में मल्टीप्लेक्स के लिए पीवीआर को साझेदारी बनाया गया है।